an>

Title: Need to consider cultivation of betel leave as an agricultural activity and extend necessary benefits to betel leave growers in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल **(हमीरपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उत्तर प्रदेश) में बहुत बड़ें पैमाने पर पान की खेती होती है और लाखों लोग पान व्यवसाय में लगे हुए हैं और कड़ी मेहनत व लगन से महोबा के प्रसिद्ध पान प्रजाति को जीवित रखे हुए हैं। विगत वर्ष हुई दैवीय आपदा से हुए भयंकर नुकसान को भी झेलकर गरीबी व अभाव का जीवन जीने को मजबूर हैं क्योंकि पान की खेती कृषि क्षेत्र में शामिल नहीं हैं इस वजह से कृषि क्षेत्र से मिलने वाली सुविधाएं (बीमा आदि) का लाभ नहीं मिल पाता है जिसकी वजह पान कृषक दिन-प्रतिदिन पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पान की खेती को कृषि क्षेत्र में शामिल किया जाए ताकि बुंदेलखण्ड के गरीब पान किसानों को उनका हक मिल सके।